परीक्षा परिणाम | बोर्ड परीक्षा परिणामों में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की, दसवीं में खुशी साहू ने भी सातवां स्थान हासिल किया

# जिले ने रचा इतिहास, 12वीं में धीरज ने प्रदेश में हासिल किया 7वां स्थान

**अनूपपुर, नवभारत ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में अनूपपुर जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

हाईस्कूल 10वीं में जिले को प्रदेश में पहला स्थान तथा हायर सेकेंडरी 12वीं में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश की प्रावीण्य सूची टॉप-10 में भी जिले के छात्र-छात्राओं ने स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल में शासकीय सांदीपनि स्कूल खूंटाटोला की छात्रा खुशी साहू ने सातवां स्थान प्राप्त किया, जबकि हायर सेकेंडरी में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के छात्र धीरज कुमार पांडे ने भी प्रदेश में सातवां स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।





### परिणामों में उल्लेखनीय सुधार

वर्ष 2026 के परीक्षा परिणामों में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। कक्षा 10वीं का परिणाम 90.86 प्रतिशत रहा, जो कि पिछले वर्ष से 6.20 प्रतिशत अधिक है। वहीं कक्षा 12वीं का परिणाम 90.04 प्रतिशत रहा, जिसमें 9.57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शहडोल संभाग में अनूपपुर जिला लगातार सात वर्षों से प्रथम स्थान बनाए हुए है।

### प्रेरणादायक कहानियां

खुशी साहू की सफलता विशेष रूप से प्रेरणादायक है। वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान उनके पिता का निधन हो गया था, जिसके बाद उनकी मां सिलाई कर परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं। खुशी भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती हैं। वहीं किसान परिवार से आने वाले धीरज पांडे ने कठिन परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है और वे आगे चलकर वैज्ञानिक बनने का सपना देखते हैं।


### जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची

हाईस्कूल में जिला स्तर पर कविता दुबे ने 488 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर गायत्री देवी (487 अंक) रहीं। तीसरे स्थान पर पीयूष जोशी, आयुषी वर्मा, ऋषि पांडे एवं रिचा सिंह ने 486 अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में संस्कृति मिश्रा, मनमोहन पाठक और (राजनगर कन्या विद्यालय की छात्रा) ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर शिप्रा शर्मा, आकांक्षा उपाध्याय एवं सक्षम गुप्ता रहे, जबकि तृतीय स्थान पर मोनिका राठौड़ एवं आदित्य ताम्रकार रहे। चौथे स्थान पर सिद्धार्थ साहू ने जगह बनाई।

### प्रशासन ने दी बधाई

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने इस उपलब्धि पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे टीमवर्क और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का परिणाम बताया। शिक्षा विभाग ने भी आने वाले सत्र में स्मार्ट क्लास और विषयवार तैयारी को और सुदृढ़ करने की बात कही है। कक्षा 10वीं में कुल 6905 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 6481 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में 6905 परीक्षार्थियों में से 5186 विद्यार्थी सफल रहे।

### जिले के लिए गर्व की बात : श्याम



इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम स्वयं धीरज पांडे के घर पहुंचे और उन्हें व उनके परिवारजनों को बधाई दी। उन्होंने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल धीरज के परिवार, बल्कि पूरे अनूपपुर जिले के लिए गर्व की बात है।

#### विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं

हीरा सिंह श्याम ने अपने संबोधन में कहा कि जिले के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत का साथ मिले, तो वे किसी भी ऊंचाई को छू सकते हैं। धीरज पांडे की उपलब्धि इसका जीवंत उदाहरण है कि ग्रामीण परिवेश से आने वाले छात्र भी प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

### केन्द्रीय विद्यालय का कक्षा 10वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत




केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षिक परंपरा को कायम रखते हुए सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता हासिल की है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षिक व्यवस्था का प्रमाण है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए।

#### मान्या ने हासिल किए 96.2 प्रतिशत अंक

प्रमुख रूप से मान्या त्रिपाठी ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अनमोल मिश्रा 95.4 प्रतिशत, श्रेया मिश्रा 92.6 प्रतिशत, शौर्य गर्ग 91.4 प्रतिशत एवं दीप्ति पाण्डेय 90.8 प्रतिशत ने भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

## ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के मोहम्मद अयान और सक्षम गुप्ता रहे टॉपर

**कोतमा नवभारत 15 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, कोतमा का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से शानदार अंक अर्जित कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।




#### 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

कक्षा दसवीं में कुल 85 छात्र सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 15 विद्यार्थियों ने 90ज से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही, 58 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। मोहम्मद अयान ने 96.2 प्रतिशत , जायना परवीन ने 95प्रतिशत, आदर्श कुमार गुप्ता ने 94.6प्रतिशत , मुस्कान जोगी व श्वेता शर्मा ने 94.2 प्रतिशत, सुनाक्षी तिवारी ने 93.8 प्रतिशत, श्रेयांशी गौतम ने 93प्रतिशत, मीनाक्षी गुप्ता व अमन प्रताप यादव ने 92.4 प्रतिशत , खुशबू गुप्ता नं 91.2 प्रतिशत , संस्कार शर्मा ने 90.6 प्रतिशत, नीलम पटेल व शाम्या परवीन ने 90.4 प्रतिशत , संस्कार मिश्रा व शिवांशु गौतम ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

#### कक्षा 12वीं में सक्षम गुप्ता ने लहराया परचम

हायर सेकेंडरी 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के 95 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 4 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 64 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। सक्षम गुप्ता ने 93.4 प्रतिशत लाकर जिले में तीसरा स्थान अर्जित किया। यासमीन अंसारी ने 91.4 प्रतिशत , भावना कंवर ने 91.2 प्रतिशत , पूजा तिवारी ने 90 प्रतिशत, आर्यन तोमर ने 89.4 प्रतिशत , कात्यानी द्विवेदी ने 89.2 प्रतिशत , स्नेहा मिश्रा ने 88 प्रतिशत , देवांश गुप्ता ने 87.4 प्रतिशत , दीपाली गुप्ता ने 86 प्रतिशत ,चंचल मिश्रा ने 85 प्रतिशत अंक हासिल किए।

#### विद्यालय प्रबंधन में खुशी की लहर

विद्यार्थियों की इस गौरवमयी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन और शिक्षक स्टाफ ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। इस अवसर पर प्रबंधन ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के निरंतर प्रयास और शिक्षकों के सही दिशा-निर्देश का प्रतिफल है। हम सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

## विवेक शिक्षा निकेतन के पीयूष जिले की मेरिट लिस्ट में तृतीय

कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में विवेक शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, कोतमा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100प्रतिशत ) रहा। विद्यालय के होनहार छात्र पीयूष जोगी ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 97.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर अनूपपुर जिले की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में तीसरा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही अनिकेत यादव ने 93ज, पवन जोगी ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।



#### कक्षा12वीं में अनुकृति सोनी और अन्य रहे अव्वल

हायर सेकेंडरी परीक्षा में भी विद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। गणित संकाय की छात्रा अनुकृति सोनी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। जीव विज्ञान संकाय में लक्ष्मी गुप्ता और सौम्या कुशवाहा ने 90.2प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से सफलता के झंडे गाड़े।

#### विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं

संस्था के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है। शिक्षकों का कहना है कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत और अनुशासित पढ़ाई का परिणाम है। हमारी संस्था का लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास की ओर ले जाना है।

### एक नजर में




### कोतमा में नालियों की सफाई व खेत तालाब निर्माण जारी

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के कोतमा जनपद क्षेत्र में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण, नालियों की साफ-सफाई एवं खेत तालाब निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी द्वारा अभियान की गतिविधियों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे कार्यों में गति बनी हुई है। जनपद कोतमा के सहायक कार्यक्रम अधिकारी रावेंद्र आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वर्षा ऋतु से पूर्व नालियों की साफ-सफाई का अभियान चलाया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जल निकासी सुचारू रूप से हो सके।

### दो वर्षों से फरार धोखाधड़ी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** थाना भालूमाड़ा पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। मामला अपराध क्रमांक 350/2024 से संबंधित है, जिसमें धारा 420, 406, 409 एवं 120बी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले के आरोपी अभय चौरसिया एवं सूरज चौरसिया घटना के बाद से लगातार दो वर्षों से फरार चल रहे थे। थाना प्रभारी भालूमाड़ा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 22 को

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत अनूपपुर की सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक 22 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में संपन्न होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने बताया कि बैठक में जिले के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान जिले में पेयजल व्यवस्था की स्थिति और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही एमपीईबी अनूपपुर के कार्यों का मूल्यांकन तथा खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियों की भी विस्तार से समीक्षा होगी। इसके अलावा जनपद जैतहरी की बीपीडीपी के अनुमोदन पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### पत्रकार राजा मिश्रा के बड़े भाई सुदामा का निधन

**बिजुरी, नवभारत।** कोयलांचल क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार राजा मिश्रा के बड़े भाई स्वर्गीय सुदामा गौतम का निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वु. सुदामा गौतम अपने सरल, मिलनसार और मृदुभाषी स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपना जीवन परिवार की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने विवाह नहीं करने का निर्णय लेते हुए ब्रह्मचर्य जीवनशैली अपनाई और अपने परिजनों की देखभाल को ही अपना प्रमुख उद्देश्य बनाया। उनके इस त्याग और समर्पण की समाज में व्यापक सराहना होती रही। निधन की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पर पहुंचे और शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## बनगवां के विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप

**7 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

**अनूपपुर, नवभारत 15 अप्रैल।** जिले के नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह द्वारा कलेक्टर अनूपपुर को भेजे गए पत्र में राजस्व, वन विभाग और एसईसीएल के अधिकारियों व कर्मचारियों पर योजनाओं को प्रभावित करने के आरोप लगाए गए हैं। पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को यह कहकर वंचित किया जा रहा है कि उनके पास पट्टे की भूमि नहीं है, जबकि पूर्व में एसईसीएल द्वारा जमीन का वितरण किया जा चुका है। इससे गरीब हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में वन विभाग एवं एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा बिना उचित कारण के बाधाएं उत्पन्न करने की बात भी कही गई है।



#### विकास कार्यों को जानबूझकर रोका जा रहा

आरोप है कि परिषद के प्रस्तावों और बजट स्वीकृति के बावजूद विकास कार्यों को जानबूझकर रोका जा रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख है कि निर्माण कार्यों में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ और चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिनकी शिकायत कई बार पुलिस थाना रामनगर में की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नगर परिषद अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे पार्षदों और नागरिकों के साथ धरना-प्रदर्शन और अनशन करने को मजबूर होंगे।

## दो वार्डों में सीसी सड़क व नाली निर्माण का भूमिपूजन

**कोतमा, नवभारत 15 अप्रैल।** नगर पालिका परिषद कोतमा द्वारा शहर के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को दो वार्डों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया।



इस पहल से वार्ड क्रमांक 6 और 7 के निवासियों को लंबे समय से चली आ रही सड़क व जलनिकासी की समस्याओं से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 7 के बनिया टोला क्षेत्र में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 6 में शिशु भारती स्कूल के पास आलोक शर्मा के निवास के समीप भी इसी प्रकार के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।

#### इनकी रही उपस्थिति

भूमिपूजन कार्यक्रम वैदिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। इसमें पंडित पुष्पेंद्र उरमालिया ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर कार्य की निर्विघ्न पूर्णता की कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, वार्ड पार्षद अभिषेक सराफ मौजूद रहे।



## विद्युत चोरी पर 30 उपभोक्ताओं पर कार्रवाई

**विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया**

**अनूपपुर, नवभारत 15 अप्रैल।** जिले में विद्युत के अवैध उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता (संचालन/संधारण) के निर्देश पर जैतहरी वितरण केंद्र क्षेत्र में विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने विभिन्न इलाकों में कुल 155 परिसरों का औचक निरीक्षण किया। जांच में 30 परिसरों में विद्युत उपयोग संबंधी अनियमितताएं पाई गईं। इन मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत दंडात्मक और वैधानिक कार्रवाई की गई है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विद्युत चोरी न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे पूरे वितरण तंत्र पर अतिरिक्त भार पड़ता है। इसके कारण उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

#### उपभोक्ता नियमों का पालन करें

विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के सघन जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करते हुए वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। अनियमितता पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित उपभोक्ता की होगी।

सेमिनार | संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में वैश्विक दृष्टिकोण और नवाचार पर हुई सार्थक चर्चा

## विद्यार्थियों को वैश्विक अनुभव व आधुनिक तकनीक की समझ आवश्यक




**अनूपपुर, नवभारत 15 अप्रैल।** संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज अनूपपुर में वैश्विक परिप्रेक्ष्य् और नवाचार विषय पर एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सेमिनार एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विदेशी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक शिक्षा, नवाचार, शोध और अंतरराष्ट्रीय करियर अवसरों से जोड़ना तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना रहा। तेजी से बदलते और प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों के लिए केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है। उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और आधुनिक तकनीकों की समझ की आवश्यकता होती है।

#### विश्व स्तर की शिक्षा व अवसरों की जानकारी दी

इसी उद्देश्य से आयोजित इस सेमिनार ने स्थानीय विद्यार्थियों को विश्व स्तर की शिक्षा और अवसरों की जानकारी प्रदान की। सेमिनार में विदेशी विद्यार्थियों ने भारत में अपने अध्ययन अनुभव साझा करते हुए बताया कि भारतीय विश्वविद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक विविधता और व्यावहारिक ज्ञान का अनूठा संगम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत में पढ़ाई करना उनके लिए सीख और अनुभव से भरपूर रहा है।

#### चार देशों के विद्यार्थियों ने की सहभागिता

कार्यक्रम में एस्वथतीनी की लारिसा अनीफा मेथुला, दक्षिण सूडान की जैकलिन अपुक, रवांडा की मुरेरवा यवेट और साउथ अफ्रिका की अखोना मतेन्जवा ने विशेष रूप से भाग लिया। ये सभी छात्राएं वर्तमान में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत हैं। इन विद्यार्थियों ने अपने-अपने देशों की शिक्षा प्रणाली, संस्कृति और करियर अवसरों के बारे में जानकारी साझा की।

#### इंटरैक्टिव सत्र बना मुख्य आकर्षण

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा इंटरैक्टिव सत्र रहा, जिसमें भारतीय और विदेशी विद्यार्थियों के बीच खुलकर संवाद हुआ। चर्चा के दौरान वैश्विक शिक्षा प्रणाली, उच्च अध्ययन के अवसर, नई तकनीकों और नवाचार की भूमिका, कौशल विकास तथा रोजगार संभावनाओं जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर विदेशी छात्रों के अनुभवों को करीब से जाना। इस संवाद से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें अपने भविष्य के लिए नई दिशा मिली।



### पंकज टेकाम का प्रथम नगर आगमन आज

अनूपपुर, नवभारत। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम का गुरुवार को अनूपपुर जिले में प्रथम आगमन हो रहा है। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमोल सिंह मार्को के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमोल सिंह मार्को ने बताया कि पंकज टेकाम के दौरे के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 11.30 बजे राजेंद्रग्राम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद वे जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से भेंट करेंगे।